आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 26/02/2026 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री मोदी और नेतन्याहू के बीच ऐतिहासिक वार्ता; दोनों देशों के रिश्तों को मिला 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजस्थान के उद्योगपतियों को मध्य प्रदेश आने का दिया न्योता।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात ।
- बालाकोट एयर स्ट्राइक की सातवीं वर्षगांठ आज; मुख्यमंत्री ने कहा—भारतीय जांबाजों के शौर्य पर पूरे देश को गर्व है।

भारत-इस्राएल समझौता ज्ञापन

भारत और इस्राएल ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान, भू-भौतिकीय अन्वेषण, मत्स्य पालन और जलीय कृषि, यूपीआई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के माध्यम से शिक्षा को बढ़ावा देने सहित कई क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। ये समझौता ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इस्राएल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद हुए हैं। श्री मोदी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत-इस्राएल संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और गहन मानवीय संवेदनशीलता की मजबूत नींव पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि यह बंधन समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज दोनों पक्षों ने इस दीर्घकालिक साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

यूआईडीएआई-गूगल

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण - यूआईडीएआई और गूगल ने गूगल मैप पर अधिकृत आधार केंद्रों को प्रदर्शित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि इस कदम से देशभर के निवासियों के लिए पहुंच आसान और सुविधाजनक होगी। मंत्रालय ने कहा है कि इससे दिव्यांग-अनुकूल बुनियादी ढांचा, पार्किंग सुविधाओं की उपलब्धता और संचालन समय जैसी सुविधाओं सहित केंद्र की पहुंच से संबंधित जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी, जिससे निवासियों को और अधिक सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री- राजस्थान

राजस्थान की वस्त्र नगरी भीलवाड़ा में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश में निवेश की नई राहें खोलीं। 'इन्टरैक्टिव सेशन' को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राजस्थान के उद्यमियों को 'हीरों की धरती' मध्यप्रदेश आने का न्योता दिया।डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अब ऊर्जा में आत्मनिर्भर है और यहाँ की 18 उद्योग-अनुकूल नीतियां निवेशकों के लिए लाल कालीन बिछा रही हैं।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि बड़े निवेश प्रस्तावों पर सरकार विशेष रियायतें देगी। साथ ही, टेक्सटाइल सेक्टर के लिए 'पीएम मित्र पार्क' जैसी सौगातें प्रदेश को ग्लोबल हब बनाएंगी। मुख्यमंत्री ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना का जिक्र करते हुए दोनों राज्यों के सहोदर रिश्तों को और मजबूती दी।

मुख्यमंत्री-सनातन मंगल महोत्सव

मुख्यमंत्री ने भीलवाड़ा में 'सनातन मंगल महोत्सव' में शिरकत करते हुए भारतीय संस्कृति के वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति केवल 'स्व' नहीं, बल्कि 'पूरी सृष्टि' के कल्याण की कामना करती है। मुख्यमंत्री ने एक सुंदर सूत्र देते हुए कहा कि 'रा' से राजस्थान और 'म' से मध्यप्रदेश मिलकर 'राम' की महिमा बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने तीन युवा संतों को दीक्षा मिलने पर उनका अभिनंदन किया और देशभर के साधु-संतों को वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के लिए आमंत्रित भी किया।

सिंधिया - वैष्णव

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और पूर्वोत्तर क्षेत्रों और मध्य प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण रेल अवसंरचना परियोजनाओं पर चर्चा की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंधिया ने बताया कि ग्वालियर, गुना और चंबल क्षेत्रों को मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ देश से सीधी रेल संपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि चंबल क्षेत्र में प्रमुख रेलगाडियों के लिए अतिरिक्त स्टॉपेज, नई रेलगाडियों की शुरुआत और रेल विस्तार योजनाओं पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल सेवाओं को बढ़ाने और संपर्क सुधार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

दीक्षांत समारोह

उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन की मौजूदगी में कल नई दिल्ली स्थित भारतीय जनसंचार संस्थान यानी I I M C में 57 वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा । समारोह में वर्ष सफल छात्रों को पीजी डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे और शानदार प्रदर्शन करने वाले मेधावियों

को 35 पदकों से नवाजा जाएगा। आईआईएमसी परिसर में नए शैक्षणिक और छात्रावास ब्लॉक की आधारशिला भी रखी जाएगी और 'क्रिएटर्स लाउंज' का उद्घाटन होगा।

बालाकोट एयर स्ट्राइक

आज पूरा देश भारतीय वायुसेना के उस पराक्रम को याद कर रहा है, जिसने सरहद पार जाकर दुश्मनों के हौसले पस्त कर दिए थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बालाकोट एयर स्ट्राइक की सातवीं वर्षगांठ पर वायुसेना के शूरवीरों को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वीर जवानों ने अपने अद्वितीय साहस से मातृभूमि के स्वाभिमान को अक्षुण्ण रखा है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारतीय जांबाजों का यह शौर्य हर देशवासी को गर्व से भर देता है।

युवा सांसद

कटनी के शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज लोकतंत्र की पाठशाला सजी। 'माय भारत केंद्र' और एनएसएस के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में युवाओं ने 'विकसित भारत' और 'आपातकाल के 50 वर्ष' पर प्रखर विचार रखे। 18 से 25 वर्ष के युवा सांसदों ने साल 1975 के आपातकाल को लोकतंत्र का कलंक बताते हुए संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया।कार्यक्रम में शामिल हुई युवा सांसद सुजिता ने अपने अनुभव साझा किये ..

लाइनकर्मियों को सम्मानित

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर आगामी 7 मार्च को नई दिल्ली में प्रदेश के 9 उत्कृष्ट लाइनकर्मियों को सम्मानित करेंगे। इस सूची में खास आकर्षण हैं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की  नेहा चौरसिया, जो अपनी कर्मठता से महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश कर रही हैं। उनके साथ ही प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के 8 अन्य जांबाज लाइनकर्मियों को भी उनके साहसिक कार्यों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

क्रिकेट टी20

आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्वकप में सुपर-8 में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत ने ताजा समाचार मिलने तक 3 ओवर में 0विकेट पर 46 रन बना लिए हैं।

इससे पहले एक अन्य मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज़ को नौ विकेट से हरा दिया। वेस्टइंडीज के एक सौ 77 रन के लक्ष्य को दक्षिण अफ्रीका ने 17वें ओवर में ही हासिल कर लिया।

समाचार संक्षेप में -----

- कटनी में खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत केन्द्र, और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया।
- शाजापुर के माँ राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में आज दो दिवसीय 'आजीविका होली मेला' का आयोजन किया गया। 26 और 27 फरवरी तक आयोजित इस मेले का उद्घाटन कलेक्टर ने किया।
- सीहोर जिले में होलिका दहन से पूर्व आदिवासी अंचलों में भगोरिया पर्व की धूम चल रही है। .भगोरिया पर आज ग्राम बावड़िया चोर में पूरे गांव में विशाल जुलूस निकला और युवक युवतियों ने जमकर नृत्य किया।
- खण्डवा में "संकल्प से समाधान" अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर नागरिकों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने सम्बंधी आवेदन लिए जा रहे हैं।
- उज्जैन रेंज के डीआईजी नवनीत भसीन ने बैठक लेकर होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और माहौल बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।
- झाबुआ में मानसिक दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए 2 मार्च 2026 को जिला चिकित्सालय में विशेष परीक्षण और प्रमाणन शिविर लगाया जाएगा।
- अशोकनगर में vkt किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत कृषक कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। जिसमें कृषकों को मिलेट्स खेती अपनाने हेतु कृषकों को प्रोत्साहित किया गया।
- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से देवास जिले के जनजातीय परिवारों तक 24 घण्टे बिजली की सुविधा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।
- पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल की इंदौर–दाहोद नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत दो रेल ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।

..............................